कार्यालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय ,अम्बेडकरनगर।

प्रकीर्ण आदेश संख्या- 01/2025

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा अधीनस्थ न्यायालयों के प्रयोग हेतु जारी कैलेण्डर वर्ष-2025 के टिप्पणी सं०-03 एवं 07 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में कार्यालय जिलाधिकारी , अम्बेडकरनगर द्वारा प्राप्त कराये गये कैलेण्डर-2025 के अनुक्रम में जिलाधिकारी, अम्बेडकरनगर से विचार-विमर्श उपरांत परिवार न्यायालय, अम्बेडकरनगर में निम्नलिखित तिथियों को पाँच स्थानीय अवकाश एवं अतिरिक्त अवकाश घोषित किये जाते है:-

अवकाश का दिनांक व दिन	त्यौहारों का नाम
1. 14.01.2025 (मंगलवार)	स्थानीय अवकाश (मकर संक्रान्ति)
2. 15.03.2025 (शनिवार)	अतिरिक्त अवकाश (गणतंत्र दिवस दिनांक-26.01.2025, दिन रविवार को पड़ने के एवज में)
3. 05.04.2025 (शनिवार)	अतिरिक्त अवकाश (रामनवमी अवकाश दिनांक- 06.04.2025, दिन रविवार को पड़ने के एवज में)
4. 14.08.2025 (गुरूवार)	स्थानीय अवकाश (*चेहल्लुम)
5. 05.09.2025 (शुक्रवार)	स्थानीय अवकाश (* ईद-ए- मिलाद/बारावफात)
6. 01.10.2025 (बुधवार)	अतिरिक्त अवकाश (मोहर्रम अवकाश दिनांक-06.07.2025, दिन रविवार को पड़ने के एवज में)
7. 22.10.2025 (बुधवार)	स्थानीय अवकाश (गोवर्धन पूजा)
8. 23.10.2025 (गुरूवार)	स्थानीय अवकाश (भैयादूज)

अधीनस्थ न्यायालयों के प्रयोग हेतु जारी कैलेण्डर वर्ष-2025 के टिप्पणी संख्या-01 के अनुपालन में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में निर्धारित तारांकित(*) तिथियाँ स्थानीय चन्द्र दर्शन के अनुसार पुनः निर्धारित की जा सकती है।

कैलेण्डर वर्ष-2025 के अनुपालन में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में निर्धारित तारांकित (*) अवकाश **ईद-उल-फित्र (दिनांक-31.03.2025, सोमवार), ईद-उल-जुहा (दिनांक- 07.06.2025, शनिवार)** तथा इस अधिष्ठान में घोषित स्थानीय अवकाश **चेहल्लुम (14.08.2025 गुरूवार) एवं ईद-ए-मिलाद/बारावफात (05.09.2025 शुक्रवार)** स्थानीय चन्द्र दर्शन के अनुसार यदि रविवार अथवा द्वितीय शनिवार को मनाया जाता है तो इसके एवज में तत्समय अतिरिक्त अवकाश घोषित किया जायेगा।

अधीनस्थ न्यायालयों के प्रयोग हेतु माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा जारी कैलेण्डर वर्ष-2025 के टिप्पणी सं०-04 के अनुक्रम में **दिनांक- 28.03.2025, शुक्रवार को रमजान के अंतिम शुक्रवार के उपलक्ष्य में केवल मुसलमानों के लिए निर्बन्धित अवकाश रहेगा।**

अधीनस्थ न्यायालयों के प्रयोग हेतु माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा जारी कैलेण्डर वर्ष-2025 के टिप्पणी संख्या- 05 के अनुक्रम में **दिनांक- 18.04.2025, शुक्रवार को गुड फ्राइडे के उपलक्ष्य में केवल ईसाइयों के लिए निर्बन्धित अवकाश रहेगा।**

सभी सम्बन्धित सूचित हों।

03/01/25

दिनांक-03.01.2025

(प्रधान न्यायाधीश)
परिवार न्यायालय
अम्बेडकरनगर।

पंत्राक- XV/6A/प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश/अम्बेडकरनगर/दिनांक- जनवरी, 2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषितः-

1. श्रीमान् महानिबन्धक, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।
2. जिलाधिकारी, अम्बेडकरनगर।
3. पुलिस अधीक्षक, अम्बेडकरनगर।
4. जेल अधीक्षक, जिला कारागार, अम्बेडकरनगर।
5. अध्यक्ष/सचिव, अधिवक्तासंघ, अम्बेडकरनगर।
6. समस्त न्यायालय/कार्यालय।
7. जिला सूचना अधिकारी को समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
8. सिस्टम ऑफिसर को जनपद न्यायालय की बेव साइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
9. केन्द्रीय नाजिर को न्यायालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
10. गार्ड फाइल।

दिनांकः-03.01.2025

03/1/25

(प्रधान न्यायाधीश)
परिवार न्यायालय
अम्बेडकरनगर।